Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7582	23.07.2023	25.07.2023	Banda Uttar Pradesh	www.livehindustan.com/Hindi https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/banda/story-20-children-ill-with-viral-fever-in-visually-impaired-inter-college-in-banda-8478418.html
Title:	**20 children ill with viral fever in visually impaired inter college in Banda, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Banda, SSU- Uttar Pradesh			

महोखर गांव स्थित राजकीय स्पर्शदृष्टि बाधित इंटर कालेज में इन दिनों वायरल फीवर का प्रकोप है। कालेज के 20 बच्चों को एक के बाद एक वायरल ने अपनी चपेट में ले लिया। मामूली इलाज के बाद जब हालत में सुधार नहीं हुआ तो सभी बच्चों को रविवार को जिला अस्पताल लाया गया। चार बच्चों की हालत ज्यादा ही गड़बड़ नजर आई। सभी बच्चों का चिकित्सक ने उपचार किया और दवाएं दीं।

राजकीय स्पर्शदृष्टि बाधित इंटर कालेज में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों की देखरेख के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं। लेकिन बारिश के इन दिनों में जिम्मेदारों के द्वारा सावधानी न बरतने के कारण वायरल फीवर का प्रकोप बढ़ गया। वायरल फीवर की चपेट में एक के बाद एक 20 बच्चेआ गए। सभी को फीवर सेराहत देने के लिए पैरासीटामाल या अन्य टेबलेट दी जा रही थीं। लेकिन बच्चों की हालत नहीं सुधर रही थी। रविवार को इंटर कालेज के वार्डेन प्रीतम राज ने सभी बच्चों का जिला अस्पताल में इलाज कराया। इसमें बृजेश (16), अजीश (17), सूरज (15), संजय (17) की हालत ज्यादा खराब थी। विद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि इन दिनो विद्यालय वायरल फीवर की चपेट में है। 75 छात्र अध्ययनरत हैं। इसमें 20 बच्चे सर्दी, जुकाम, खांसी से पीड़ित हैं। चार छात्रों की हालत ज्यादा खराब थी। वार्डेन के माध्यम से सभी को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार हुआ। उपचार के बाद सभी बच्चों को कालेज वापस ले जाया गया।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029

Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

अबकी नहीं आई स्वास्थ्य टीम, नहीं हुई फागिंग

बांदा। राजकीय स्पर्शदृष्टि बाधित इंटर कालेज में अध्ययनरत दिव्यांग छात्रों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए स्वास्थ्य टीम आती थी। लेकिन बारिश के बाद निकल रही तेज धूप और मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से बच्चे वायरल फीवर की चपेट में आ गए। अबकी बार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा फागिंग भी नहीं कराई गई। बारिश के दौरान जलभराव होने और मच्छरों का प्रकोप बढ़ने की वजह से छात्र वायरल फीवर की चपेट में आए हैं।